CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 160 ▫ रायपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### कुत्तों से बचने गांव पहुंचा जंगली हिरण, ग्रामीणों की सतर्कता से सुरक्षित रेस्क्यू

**खैरागढ़, 3 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** ग्राम अवेली में गुरुवार शाम एक जंगली हिरण के अचानक गांव पहुंचने से लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों के अनुसार कुछ आवारा कुत्ते हिरण का पीछा कर रहे थे। जान बचाने के प्रयास में वह



गांव पहुंचकर एक किसान के ब्यारा में छिप गया। किसान की नजर पड़ते ही उसने कुत्तों को भगाया और अन्य ग्रामीणों की मदद से हिरण को सुरक्षित पकड़कर रस्सी से बांध दिया, ताकि वह घबराकर घायल न हो। इसके बाद तत्काल डायल-112 और वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हिरण का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हिरण को देखने वालों की भीड़ लगी रही। खैरागढ़ डीएफओ पंकज राजपूत ने बताया कि जंगली हिरण अक्सर चारा और पानी की तलाश में या फिर कुत्तों के पीछा करने के कारण जंगल से भटककर गांवों में पहुंच जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसे मामलों में जंगली जानवरों को नुकसान पहुंचाने के बजाय तुरंत वन विभाग को सूचना दें, ताकि उनका सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके।

### बलूचिस्तान में गहरी खाई में गिरी बस, महिलाओं और बच्चों समेत अबतक 40 की मौत

**नई दिल्ली, 3 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। यहां के शेरानी जिले में एक यात्री बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस भयानक दुर्घटना में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इस मौके पर शेरानी जिले के उपायुक्त हज़रत वली काकर ने बताया कि यह हादसा शेरानी के धना सर इलाके में हुआ जो बलूचिस्तान के शेरानी जिले और उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले की सीमा के पास है। दोनों जिलों की पुलिस और बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और शवों और घायलों खाई से बाहर निकाल कर पास के अस्पतालों में पहुंचाया। बचाव कार्य से जुड़े एक अधिकारी के अनुसार हादसे में मारे गए लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हादसे के समय बस बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से उत्तर-पश्चिम पेशावर जिले की ओर जा रही थी और पहाड़ी इलाके में एक तीव्र मोड़ पर चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और गहरी खाई में गिर गई।

## खेत में करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत

### कबीरधाम के लोहारा थाने के बिरनपुर की घटना

**कवर्धा, 3 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** खुद के खेत में लगी फसल को मवेशियों से बचाने के लिए लगाए गए बिजली के तार की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कबीरधाम जिले के लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बिरनपुर की है. जानकारी के अनुसार, किसान परमेश्वर पटेल (22 वर्ष) ने फसल को मवेशियों से बचाने के लिए खेत के चारों ओर बिजली के तार लगाकर रखा था, जिसमें करंट प्रवाहित हो रही थी. बुधवार को खेत में काम करने के दौरान परमेश्वर अचानक तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद उनके पिता गोकरण पटेल (55 वर्ष) खेत पहुंचे। उन्होंने बेटे को जमीन पर अचेत पड़े देखे



उठाने का प्रयास किया। इस दौरान वो भी करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी भी मौके पर ही मौत हो गई।

आस-पास खेतों में काम कर रहे किसानों ने दोनों को पड़े देखा, और तत्काल ग्राम कोटवार व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, बिजली आपूर्ति बंद कराकर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि पिता-पुत्र किराए पर खेत लेकर खेती-किसानी करते थे। एक साथ दोनों की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

मामले में लोहारा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। गौरतलब है कि बिरनपुर गांव में खेतों में करंट लगाने से मौत का यह एक वर्ष के भीतर दूसरा मामला है। ग्रामीणों के पहली घटना से सबक नहीं लेने की वजह से दूसरी बार घटना गटी है। पुलिस ने लोगों से खेतों की सुरक्षा के लिए बिजली के करंट का उपयोग नहीं करने और सुरक्षित उपाय अपनाने की अपील की है।

## 17 जजों का ट्रांसफर: अजय सिंह संभालेंगे एनआईए कोर्ट की कमान

### ओमप्रकाश जायसवाल बने हाईकोर्ट के नए रजिस्ट्रार

**बिलासपुर, 3 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय ने उच्च न्यायिक सेवा संवर्ग के न्यायिक अधिकारियों को तबादला आदेश जारी किया है. इस आदेश में 17 उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारियों को तबादला किया गया है। हाईकोर्ट से जारी आदेश में जगदलपुर में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत को स्पेशल जज एनआईए कोर्ट जगदलपुर में पदस्थ किया गया है. सिद्धार्थ अग्रवाल द्वितीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगदलपुर को प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगदलपुर, किरन कुमार जांगड़े को प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलरामपुर-रामानुजगंज, विनय कुमार प्रधान अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी पाक्सों रायपुर को रायपुर में ही एफटीसी कोर्ट में पदस्थ किया गया है. डमरूधर चौहान षष्ठम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रायपुर को दसम जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद रायपुर में ही पदस्थ किया गया है।

इस प्रकार बलौदाबाजार के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश



अब्दुल जाहिद कुरैशी का तबादला हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार विजलेंस के पद में किया गया है. बलौदाबाजार के प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार वर्मा का छत्तीसगढ़ न्यायिक अकादमी बिलासपुर में एडिशनल डायरेक्टर के पद में तबादला किया गया. हाईकोर्ट लीगल सर्विस कमेटी के सचिव ओम प्रकाश जायसवाल को हाईकोर्ट में ही रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल के पद में पदस्थ किया गया है. रूपनारायण पात्रे द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिलासपुर को हाईकोर्ट लीगल सर्विस कमेटी हाईकोर्ट में सचिव के पद में पदस्थ किया गया है। विनिता वारनेर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूरजपुर को बलौदाबाजार में पदस्थ किया गया. सूरजपुर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश थामस एक्का को सूरजपुर में ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद में पदस्थ किया गया है. रायपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को विशेष न्यायाधीश एस्ट्रोसिटी कोर्ट का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. विशेष न्यायाधीश एनआईए को जगदलपुर संगीता नवीन तिवारी का बलौदाबाजार में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलरामपुर-रामानुजगंज डॉ.मनोज कुमार प्रजापति का सारंगढ़ रायगढ़, अमित राठौर द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ का रायपुर, हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार न्यायिक सुमित कपूर का रायपुर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ न्यायिक अकादमी के एडिशनल डायरेक्टर अमित कुमार कोहली को बलरामपुर-रामानुजगंज तबादला किया गया है. हाईकोर्ट के वेब साइड में तबादला आदेश जारी कर दिया गया है।

## पीएफ, पेंशन या बीमा दावा 20 दिन में निपटाना होगा, नहीं तो अधिकारी पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली, 3 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की तीन नई योजनाएं अधिसूचित कर दी हैं। इनमें कर्मचारी भविष्य निधि योजना-2026, कर्मचारी पेंशन योजना-2026 और कर्मचारी जमा-लिंक्ड बीमा योजना-2026 शामिल हैं। नई योजनाओं में डिजिटल व्यवस्था को मजबूत बनाने और भविष्य निधि (पीएफ), पेंशन तथा बीमा दावों का समय पर निपटारा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

नई व्यवस्था के तहत यदि भविष्य निधि, पेंशन या बीमा का दावा सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ पूरा होने के बावजूद 20 दिनों के भीतर नहीं निपटाया जाता, तो संबंधित आयुक्त पर 12 प्रतिशत वार्षिक दंडात्मक ब्याज लगाया जा सकेगा। यह राशि संबंधित अधिकारी के वेतन से काटी जाएगी। मंत्रालय का कहना है, इससे दावों के निपटारे में अनावश्यक देरी पर रोक लगेगी और कर्मचारियों को समय पर उनका पैसा मिलेगा। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले भी देरी होने पर ब्याज देने का प्रावधान था, लेकिन अब इसे स्पष्ट रूप से 12 प्रतिशत तय कर दिया गया है। पहले अधिकारियों को पीएफ पर घोषित ब्याज दर के अनुसार भुगतान करना पड़ता था। नई योजनाएं लागू होने के साथ कर्मचारी भविष्य निधि योजना-1952, कर्मचारी परिवार पेंशन योजना-1971, कर्मचारी पेंशन योजना-1995 और कर्मचारी जमा-लिंक्ड बीमा योजना-1976 की जगह लेंगी। हालांकि, कर्मचारियों व नियोक्ताओं के अंशदान में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पहले की तरह कर्मचारी और नियोक्ता दोनों अपने मूल वेतन का 12-12 प्रतिशत योगदान देंगे। नियोक्ता के अंशदान में से 8.33 प्रतिशत राशि पेंशन योजना में जाएगी, जबकि केंद्र सरकार पहले की तरह 1.16 प्रतिशत का योगदान देगी।

## श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसाः सोनमर्ग सुरंग के पास सीआरपीएफ वाहन दुर्घटनाग्रस्त, छह जवान घायल

**नई दिल्ली, 3 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में शुक्रवार को सोनमर्ग सुरंग के पास सीआरपीएफ का एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में वाहन में सवार छह सीआरपीएफ जवान घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनमर्ग सुरंग के निकट वाहन अचानक सड़क से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त



हो गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद टीम ने सभी घायल जवानों को प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद सभी घायलों को आगे के इलाज के लिए गंड स्थित सीआरपीएफ कैंप में भेजा गया। फिलहाल सभी जवानों की हालत स्थिर बताई जा रही है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए संबंधित एजेंसियां जांच कर रही हैं।

## बिरादरी की बातें

**चूहा- सुनती हो, छग हाईकोर्ट ने स्कूलों में मंत्रोच्चार कराए जाने के खिलाफ याचिका खारिज कर दी है।**

**चुहिया- हां जी, आगे चलकर कोर्ट का भी फैसला भी संस्कृत में आएगा।**

## संविलियन सहित अन्य मांगों को लेकर अतिथि शिक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, कांग्रेस का मिला समर्थन

**दुर्ग, 3 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** प्रांतीय अतिथि शिक्षक विद्यामितान कल्याण संघ के बैनर तले स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के गृह जिले दुर्ग सहित प्रदेश के अन्य जिलों में कार्यरत अतिथि शिक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। संविलियन की मांग पर अड़े अतिथि शिक्षकों ने कलमबंद हड़ताल का आह्वान किया है, जिससे स्कूलों में शैक्षणिक कार्य प्रभावित होने की आशंका है। अतिथि शिक्षकों की मांग है कि वह बस्तर के सुदूर अंचलों में और अन्य जिलों में 12 साल से आज तक स्कूली छात्रों को पढ़ा रहे हैं, इसके अलावा कई स्कूलों में उनसे तमाम विभागीय कार्य भी करवाया जाता है. लेकिन मेहनताने के नाम पर उन्हें 20 हजार रुपए दिया जाता है। उनकी




मांग है कि उनका भी शासकीय शिक्षकों के तौर पर संविलियन किया जाए, साथ ही समान काम समान वेतन दिया जाए।

बता दें कि प्रदेश भर में लगभग 1532 विद्यामितान अतिथि शिक्षक कार्य कर रहे हैं। इन शिक्षकों का कहना है कि उन्हें न तो कोई अवकाश सुविधा उपलब्ध है, और न ही उन्हें कोई सुविधा दी जा रही है। वे इस मामले पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से भी मिल चुके हैं, लेकिन अब तक कोई विभागीय कार्यवाई नही की गई है। जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। अतिथि शिक्षकों के आंदोलन को अपना समर्थन देने पहुंचे दुर्ग कांग्रेस जिला अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने बताया कि पिछली सरकार ने विद्या मितान अतिथि शिक्षकों की मांग पर वेतन बढ़ाकर 20000 किया था। अब शिक्षक संविलियन की मांग कर रहे हैं, लेकिन शिक्षा मंत्री के जिले में उन्हें अब तक कोई जवाब नहीं मिला है।

## आज से अमरनाथ यात्रा का हुआ शुभ आरंभ

## 4822 शिव भक्तों का पहला जत्था जम्मू से रवाना

**नई दिल्ली, 3 जुलाई ( न्यूज चैनल )।** भक्तों का इंतजार खत्म हुआ। पवित्र अमरनाथ यात्रा आधिकारिक तौर पर शुरू हो चुकी है। उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज जम्मू के भगवती नगर बेस कैम्प से लगभग 4822 शिव भक्तों के पहले जत्थे को झंडी दिखा रवाना किया। पूजा-अर्चना के बाद



पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच वाहनों के पहले जत्थे को कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना किया गया।

उप-राज्यपाल ने पवित्र तीर्थयात्रा पर जाने वाले सभी यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सकुशल यात्रा के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि अमरनाथ यात्रा एक पवित्र मार्ग है, जहां भक्ति और आध्यात्मिक जागृति का मिलन होता है। सभी भक्तों के लिए सुरक्षित, आरामदायक, सुखद और आध्यात्मिक रूप से संतोषजनक यात्रा की कामना करता हूं। यह पवित्र तीर्थयात्रा सभी के लिए अपार खुशी और दिव्य शांति लाए। जम्मू-कश्मीर यू.टी. प्रशासन, श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सुरक्षा बलों, स्थानीय लोगों और सभी हितधारकों ने देश-विदेश से आने वाले भक्तों के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं।


### पीएम मोदी ने शिव भक्तों को दीं शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सालाना अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले भक्तों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनकी सुरक्षित और शुभ यात्रा के लिए प्रार्थना की। जम्मू और कश्मीर में पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर की पवित्र यात्रा की शुरुआत को चिह्नित करते हुए, प्रधानमंत्री ने तीर्थयात्रियों से स्वच्छता, सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय आजीविका और राष्ट्र-निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच संकल्प अपनाने का आग्रह करते हुए एक खुला पत्र भी जारी किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर, पीएम मोदी ने अमरनाथ यात्रा को भारत की आध्यात्मिक परंपरा और सांस्कृतिक एकता का एक शाश्वत प्रतीक बताया।

## पत्नी के नाम शेल कंपनी बनाकर बैंक को लगाया 5 करोड़ का चूना

### मुख्य आरोपी जेल भेजा, बैंक अफसरों की मिलीभगत उजागर

**रायपुर, 3 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** बैंक ऑफ बड़ौदा, राजकिशोर नगर शाखा में फर्जी दस्तावेजों से 5.04 करोड़ के लोन घोटाले के मुख्य आरोपी विश्वजीत भौमिक को ईओडब्लयू ने 14 दिन की पुलिस रिमांड के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी ने पत्नी के नाम शेल कंपनियां बनाकर बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से घोटाले को अंजाम दिया। 56 वर्षीय विश्वजीत भौमिक, निवासी बिलासपुर, ने 20 मार्च 2018 से 31 मई 2019 के बीच बैंक अधिकारियों से मिलीभगत कर खुद और पत्नी के नाम कई फर्जी फर्में बनाईं। इन शेल कंपनियों के जरिए कूटरचित दस्तावेजों पर ओवरड्राफ्ट, टर्म लोन, बैंक गारंटी और कैश क्रेडिट के रूप में करीब 5.04 करोड़ का लोन पास कराया और राशि का दुरुपयोग किया।



आरोपी फाइनेंशियल कंसल्टेंसी की आड़ में लोगों का भरोसा जीतकर उनके आधार, पैन, जीएसटी और संपत्ति के दस्तावेज ले लेता था। फिर उन्हीं दस्तावेजों को दूसरी शेल फर्मों के लोन में गारंटर या बंधक के तौर पर इस्तेमाल करता था। एक हितग्राही की संपत्ति दूसरी फर्म के लोन के लिए गिरवी दिखाकर पूरी रकम अपनी फर्मों में डायवर्ट कर देता था। ब्लैंक चेक-बुक पर पहले ही साइन करा लेता और खाताधारकों की जानकारी के बिना लेन-देन करता था। ईओडब्ल्यू जांच में सामने आया कि ऋण पास कराने के एवज में बैंक अधिकारियों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। मौके पर किसी भी फर्म की वास्तविक व्यावसायिक इकाई नहीं मिली। धोखाधड़ी छिपाने के लिए खातों में कुछ राशि छोड़ देता था ताकि किश्तें नियमित जाती रहें। आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 12, 13(2) के तहत केस दर्ज है। मामले में आगे जांच जारी है।

### महिला बाल विकास विभाग में साड़ी खरीदी विवाद के बाद बड़ा फेरबदल

## अपर संचालक अर्चना राणा सेठ को मिला आईसीडीएस शाखा का प्रभार, अभय देवांगन को महिला सशक्तिकरण शाखा में भेजा

**रायपुर, 3 जुलाई ( हाईवे चैनल )।** महिला एवं बाल विकास विभाग में मुख्यमंत्री निर्धन कन्या विवाह योजना और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए साड़ी खरीदी में अनियमितता की शिकायत के बाद संचालनालय स्तर में बड़ा फेरबदल हुआ है। गुरुवार को संचालनालय इंद्रावती भवन से जारी आदेश में संचालनालय में विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों-कर्मचारियों का कार्य विभाजन आदेश जारी किया गया। जारी आदेश में ईमानदार छवि के अफसरों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईसीडीएस शाखा का प्रभार अपर संचालक अर्चना राणा सेठ को सौंपा गया है। उप संचालक अभय कुमार देवांगन हटा कर की जगह युवानंद खुंटे, रजनीश कोरे की नियुक्ति की गई है। सहायक




संचालक के रूप में समीर सोरभ और सनमान असरोरी कार्य करेंगे। सहायम कर्मचारियों में प्रीति साहू (पर्यवेक्षक), सौभाग्य कौशिक (पर्यवेक्षक), धीरज कुमार साहू (सहायक ग्रेड-01), सुषमा पैकरा (सहायक ग्रेड-02) एवं दुरूद साहू (सहायक ग्रेड-02) आईसीडीएस शाखा में शामिल किए गए हैं। फेरबदल में मिशन वात्सल्य शाखा में अपर संचालक अर्चना राणा सेठ तथा उप संचालक नीलम देवांगन को जिम्मेदारी दी गई है। सहायक कर्मचारी के रूप में विकास सिंह (सहायक ग्रेड-03) कार्य करेंगे। इसी प्रकार स्थापना/न्यायालयीन प्रकरण शाखा का प्रभार अपर संचालक अर्चना राणा सेठ के पास रहेगा। उप संचालक के रूप में श्रुति पी. नेरकर एवं ममता साहू तथा सहायक संचालक कनकवला राम होंगी। सहायक कर्मचारियों में जितेन्द्र कुमार ठाकुर (अधीक्षक), आनंदराव चौधरी (अधीक्षक), योगिता साहू (सहायक ग्रेड-02) एवं हेमलता अग्रवाल (पर्यवेक्षक)शामिल हैं। प्रशिक्षण/जनसंपर्क शाखा की जिम्मेदारी अपर संचालक अर्चना राणा सेठ तथा उप संचालक युवानंद खुंटे को सौंपी गई है। सहायक कर्मचारी के रूप में ललित कुमार उइके (अधीक्षक)कार्य करेंगे। महिला सशक्तिकरण शाखा में संयुक्त संचालक सीएस लाल को जिम्मेदारी दी गई है। उप संचालक के रूप में आनंद प्रकाश कश्यप को सौंपा गया है जबकि आईसीडीएस शाखा से हटाकर अभय कुमार देवांगन महिला सशक्तिकरण शाखा में भेजा गया है। सहायक संचालक के रूप में ममता भगत एवं शिवकुमार सोनी कार्य करेंगे। सहायक कर्मचारियों में खिलेश्वरी साहू (पर्यवेक्षक), अतुल रायचांदाकर (सहायक ग्रेड-02), शिवकुमार साहू (स्टेनोग्राफर), गीता सेन (सहायक ग्रेड-01) एवं गायत्री साहू (पर्यवेक्षक) को शामिल किया गया है। नया कार्य विभाजन तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

CMYK